Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

गंगऊ अभयारण्य के बीट उमरावन के अन्तर्गत एक नर तेंदुआ की मृत्यु

पन्ना टाईगर रिजर्व के गंगऊ अभयारण्य के बीट उमरावन में दिनांक 22.12.2012 को लगभग डेढ़ वर्ष की उम्र का एक नर मृत तेंदुआ मिला। गश्ती के दरम्यान प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दिनांक 22.12.2012 ग्राम मडैयन स्थित श्री बच्ची वल्द नन्हे राज साकिन मडैयन के खेत, जो कि अभयारण्य से लगा हुआ है, में डेढ़ वर्ष का एक नर मृत तेंदुआ पाया गया जिसकी मृत्यु लगभग 30 घंटे पूर्व होना आंका गया है। तेंदुए के ऊपर कुछ सतही घाव थे। परन्तु इसकी केनाइन, टीथ, नाखून एवं मूछ के बाल सभी मौके पर सुरक्षित मिले। तेंदुए की लम्बाई 159 से.मी. एवं ऊंचाई 49 सेमी है। प्रकरण में शिकार होने का कोई पुख्ता सुराग नहीं मिला। परन्तु इससे सम्बन्धित बिसरा आदि किसी विषैले पदार्थ की जांच हेतु फोरेन्सिक लैब सागर को भेजा जा रहा है। प्रकरण की विवेचना जारी है। पी.ओ.आर. क्रमांक 566/08 दिनांक 22.12.2012 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना की कार्यवाही जारी है। कक्ष क्रमांक 256 में पोस्ट मार्टम उपरान्त नियमानुसार तेंदुए का दाह संस्कार किया गया। पोस्ट मार्टम की कार्यवाही डा0 संजीव गुप्ता, वन्य प्राणी चिकित्सक पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा की गई है।

'' जय हिन्द, जय भारत ''

दिनांक – 22.12.2012

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना